राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

ई–मेल–**pr.rajbhavan@gmail.com**
prrajbhavanbihar@gmail.com
मोबाईल–9431283596

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल कल 11 अप्रैल को 'उच्च शिक्षा में डिजिटल पहल' विषय पर आयोजित कार्यशाला का उद्घाटन करेंगे

पटना, 10 अप्रैल 2019

महामहिम राज्यपाल श्री लाल जी टंडन कल 11 अप्रैल, 2019 को पूर्वाह्न 10.30 बजे होटल मौर्या के सभागार में राजभवन एवं मानव संसाधन मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना द्वारा संयोजित ''उच्च शिक्षा में डिजिटल पहल'' विषयक कार्यशाला का बतौर मुख्य अतिथि उद्घाटन करेंगे।

यह कार्यशाला महामहिम राज्यपाल श्री टंडन के निदेशानुरूप राजभवन एवं मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में बिहार में 'उच्च शिक्षा में डिजिटल पहल' को लेकर आयोजित की गई है। कार्यशाला के प्रथम दिन उद्घाटन–सत्र को महामहिम राज्यपाल श्री टंडन के अलावा, शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव श्री आर॰के॰महाजन, मुख्य वक्ता डिजिटल दुनियाँ के विशेषज्ञ आई॰आई॰टी॰, मद्रास के प्रो॰ मंगला सुन्दर भी संबोधित करेंगे।

कार्यक्रम के उद्घाटन–सत्र में राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री विवेक कुमार सिंह, सूचना प्रावैधिकी विभाग के सचिव श्री राहुल सिंह, भारत सरकार में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के संयुक्त सचिव श्री एन॰ सरवन कुमार, राजभवन के उच्च शिक्षा परामर्शी प्रो॰ आर॰सी॰ सोबती, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो॰ गुलाब चन्द राम जायसवाल आदि भी अपने विचार व्यक्त करेंगे।

बाद के दो दिवसीय तकनीकी सत्रों में –उच्च शिक्षा में डिजिटल पहलों से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों, यथा –'स्वयं' (SWAYAM & NPTEL), स्वयं प्रभा (SWAYAM PRABHA), एन॰डी॰एल॰आई॰, स्पोकेन ट्यूटोरियल एण्ड फोस्सी, ई–यात्रा, वर्चूअल लैब, अर्पित (ARPIT), नैड (NAD), ए॰आई॰एस॰एच॰ई॰ (AISHE), एन॰आई॰आर॰एफ॰ (NIRF) आदि –पर अर्चना शुक्ला, चेतन यंगजोर, प्रो॰ सत्यकी, श्री नन्द गोपाल, प्रो॰ कवि आर्या, श्री संजीत, उषा विश्वनाथन, प्रो॰ कन्नन, डॉ॰ शालिनी एवं श्री जी॰एस॰ मलिक आदि विशेषज्ञों/ पदाधिकारियों द्वारा पावर–प्रेजेन्टेशन होगा तथा संबंधित विभिन्न विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक चर्चा होगी।

....